# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद

दिनांक 10/7/2023

संख्या 124/मास्टर-22 प्लान जोन-1

सेवा में,

**उ.प्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण**
राज्य नियोजन संस्थान, (नवीन भवन)
कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ-226007

विषयः उ.प्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, (उ.प्र. रेरा) में परियोजना नाम "RAMPRASTHA GREEN AVENUE", गाजियाबाद के आवेदन आई.डी. नं.-ID780343 के पंजीयन के सम्बन्ध में आख्या उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया स्वकीय पत्र सं.-1506238/यू.पी-रेरा/का.आ./2021-22 दिनॉक 15.06.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि उ.प्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, (उ.प्र. रेरा) में परियोजना के आवेदन आई.डी. नं.-ID780343 के पंजीयन के सम्बन्ध में आख्या उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकासकर्ता मै. आर. होम्स प्रा.लि. द्वारा से खसरा सं.-335, 339, 340mi, 360mi, 361mi ग्राम भोवापुर, गाजियाबाद के नेट भूमि क्षेत्रफल 25127.14 वर्गमी. पर ऑनलाईन पत्रावली सं.-GDA/LD/20-21/0763 के द्वारा ले-आउट मानचित्र "RAMPRASTHA AVENUE" के नाम से स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया था। विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत मानचित्र के परीक्षणोपरान्त उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनॉक 25.04.2023 को अनुमोदन उपरान्त दिनॉक 02.05.2023 को निर्गत किया गया है। ऑनलाइन पोर्टल पर साफ्टवेयर द्वारा स्क्रूटनी उपरान्त स्वीकृत ग्रुप हाउसिंग मानचित्र का तकनीकी विवरण निम्नवत् है :-

**तकनीकी आख्या :-**

| | | |
|---|---|---|
| **भूखण्ड का क्षेत्रफल** | - | 25127.15 वर्गमी. |
| प्लाटेड एरिया | - | 14299.73 वर्गमी. |
| सड़क का क्षेत्रफल | - | 6634.05 वर्गमी. |
| गारबेज कलेक्शन सेन्टर (15.59+15.01) | - | 30.60 वर्गमी. |
| क्योस्क, बूथ, प्लेटफार्म एरिया (7.50×3) | - | 22.50 वर्गमी. |
| सेक्टर शॉपिंग एरिया | - | 620.57 वर्गमी. |
| कन्वीनिएन्ट शॉप्स | - | 610.65 वर्गमी. |
| कम्युनिटी | - | 332.81 वर्गमी. |
| ग्रीन एरिया (10.00%) | = | 2513.65 वर्गमी. |
| अन्य एरिया | - | 62.58 वर्गमी. |

सैटबैक-

| भूखण्ड का क्षेत्रफल | सैटबैक (मीटर में) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अग्रभाग | पृष्ठ भाग | पार्श्व-1 | पार्श्व-2 |
| 200 तक | 3.00 | 3.00 | - | - |
| 200-500 तक | 4.50 | 3.00 | 3.00 | 3.00 |
| 500 से अधिक | 6.00 | 3.00 | 3.00 | 3.00 |

उपरोक्तानुसार स्वीकृत ले-आउट में कम्यूनिटी सेन्टर, व्यवसायिक हेतु दुकानें तथा कुल 123 आवासीय यूनिट प्रस्तावित की गयी है। उक्त योजना में "RAMPRASTHA AVENUE" के नाम स्वीकृति प्रदान की गयी है। "RAMPRASTHA GREEN AVENUE", के नाम से कोई स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है।

उपरोक्तानुसार आख्या आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अपर सचिव
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

पृष्ठांकन : दिनॉक :

प्रतिलिपि - मै. आर. होम्स प्रा.लि., C-168, ramprastha colony, Ghaziabad, को सूचनार्थ प्रेषित।

अपर सचिव